**Request to name the Airport being built in Navi Mumbai as Loknete D.B. Patil Airport**

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे **(मावल) :** माननीय सभापति महोदया, मेरे चुनाव क्षेत्र पनवेल नवी मुम्बई में नया एयरपोर्ट बनने जा रहा है । वर्ष 2025 में यहां से उड़ान शुरू होगी । जिस जमीन पर यह एयरपोर्ट बन रहा है, उस जमीन को अधिग्रहण करते समय बड़ा आंदोलन हुआ था । वह आंदोलन जिसके नेतृत्व में हुआ था, वह लोकनेते सांसद डी.बी. पाटिल जी के नेतृत्व में हुआ था । आंदोलन के समय तीन किसानों की जान भी चली गई थी । वहां के स्थानीय किसानों की मांग है कि इस एयरपोर्ट का नाम लोकनेते डी.बी. पाटिल के नाम पर दिया जाए । इस बारे में महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र सरकार के पास भी लिख कर भेजा है ।

महोदया, इस एयरपोर्ट के पूरा होने के बाद, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि पनवेल, नवी मुम्बई में बन रहे नए एयरपोर्ट का नाम लोकनेते डी.बी. पाटिल का नाम दिया जाए । धन्यवाद ।